भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रोबेशनर्स) अधिकारियों ने किया राजस्थान पुलिस अकादमी का भ्रमण

जयपुर। हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2016 बैच के 8 अधिकारियों व वर्ष 2014 बैच के 1 अधिकारी ने आज दिनांक 28.06.2017 को प्रातः राजस्थान पुलिस अकादमी का औपचारिक भ्रमण किया।

श्री राजीव दासोत, निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी ने उन्हें अकादमी को विगत वर्ष नवम्बर माह में ही गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **उत्तर भारत की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी** के तौर पर पुरस्कृत करना बताया। सहायक निदेशक (इण्डोर) ने अकादमी के बारे में एक प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया जिसमें अकादमी में – इण्डोर, आउटडोर, बेसिक, प्रमोशन कॉडर कोर्स, इन सर्विस कोर्सजे, अकादमी द्वारा अन्य विभागों को प्रशिक्षण व अन्य जिलों में जाकर प्रशिक्षण दिये जाने व माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा संचालित **''बालिका आत्मसुरक्षा योजना''** आदि पर विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही अकादमी द्वारा गत वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों एवं नवाचारों के बारे में भी अवगत कराया।

अकादमी के निदेशक श्री दासोत ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रोबेशनर्स) अधिकारियों को सुशासन में सहभागिता हेतु कठोर मेहनत करने व स्वंय को जनता के सेवक के रूप में समर्पित करने को कहा साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।